दबंग हरियाणा

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

पलवल/होडल पलवल, सोमवार 25 अप्रैल-1 मई 2016 | 03

अग्रवाल महाविद्यालय को चुना गया 'श्रेष्ठता/उत्कृष्टता सामर्थ्य केन्द्र'

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में 'श्रेष्ठता/उत्कृष्टता सामर्थ्य केन्द्र' चुना गया। विगत पाँच वर्षों में महाविद्यालय की शिक्षा, खेल, शोध एवं अन्य शिक्षणेतर गतिविधियों के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने एक सघन चयन प्रक्रिया के पश्चात् अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ को कॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सिलेंस (सी.पी.ई.) का दर्जा प्रदान किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने बताया कि यह विशेष दर्जा प्राप्त होने से अब महाविद्यालय में शिक्षा, खेल, शोध एवं अन्य गतिविधियों में नए आयाम स्थापित होंगे। वैसे तो पहले भी इस क्षेत्र में महाविद्यालय की अनुशासन, पढ़ाई, खेलों व अन्य गतिविधियों के कारण अपनी एक विशेष पहचान है लेकिन अब प्रवेश में पारदर्शिता, निरंतर शैक्षिक प्रगति, पाठ्यक्रम में नवीनीकरण, प्रयोगशालाओं का सबलीकरण, पुस्तकालय में सकारात्मक सुधार, महाविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग, सामुदायिक कार्यों में प्रतिभागिता, पर्यावरण के प्रति संवेदन शीलता, व्यावसायोपयोगी और कौशल प्रधान कार्यक्रमों का प्रचलन करके महाविद्यालय की कार्य-शैली को बदलते समय की माँगों के साथ संवारने का प्रयास किया जाएगा. आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों की सहायता के लिए विशेष कोश स्थापित किया जाएगा. इस संदर्भ में ज्ञात हो कि अभी कुछ दिन पहले कॉलेज प्रबन्ध समिति ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समर्थ योजना का एलान किया जिसमें उनके लिए शुल्क माफ़ी, छात्रवृत्ति एवं पुस्तकों की व्यवस्था की जाएगी.

150 लाख का मिलेगा अनुदान

श्रेष्ठता सामर्थ्य केन्द्र घोषित होने के साथ ही अब महाविद्यालय को प्रथम चरण में 150 लाख की अनुदान राशि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त होगी, जिसका उपयोग शिक्षण, शोध, खेल एवं अन्य गतिविधियों के निरन्तर विकास के लिए किया जाएगा।

प्रबन्ध समिति ने जताया संतोष

अग्रवाल महाविद्यालय को इस विशेष दर्जा प्राप्त होने पर अग्रवाल प्रबन्ध समिति और अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रसन्नता और संतोष व्यक्त करते हुए कॉलेज प्राचार्य और महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ताओं और कर्मचारियों के सतत परिश्रम की सराहना करते हुए बधाई दी. उनके द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने महाविद्यालय के सभी सदस्यों को प्रेरित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के उप-प्रधान डॉ0 वासुदेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री मेहर चंद मित्तल, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार, सचिव श्री जयप्रकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष श्री मुकुट लाल उपस्थित थे।